तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 12 अगस्त 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



सावन क्वीन बनीं इमित, नीलम की हुई कुर्सी 12





अरबों रुपए का राशन घोटाला जांच समिति ने ... 10




## खबर संक्षेप

### खेत से मशीन चोरी

**भिलाई।** खेत से मशीन चौरी करने वाले दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 112 (2), 303(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि किसान तारण दास का उसका ग्राम नंदिनी खुदनी हरदी रोड भर्री खार में दो एकड खते है। धान के फसल को जानवरों से बचाने के लिए खेत में तार का घेराकर झटका मशीन लगाया है। 8 अगस्त की रात खेत को देखने के लिए पहुचा तो मशीन गायब मिला। खेत में सोलर पैनल से लगे बैटरी के तार भी कटा हुआ थाष करंट लगने वाली मशीन नहीं थी। मशीन को खोजबीन के लिए आस पास देखा गया।

### गांजे के साथ महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** लंबे समय से गांजा की तस्करी करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सुचना पर वृंदा नगर केम्प 1 गणेश मंदिर के पास रहने वाली वीरो पति स्व कनेल सिंह 65 वर्ष को 4 किलो 750 ग्राम गांजा के साथ पकड़ा गया है। महिला के पास से 3 हजार रुपय नगद भी मिला है। महिला लंबे समय से गांजा की तस्करी का कारोबार करती थी।

### एसपी ने किया दो आरक्षकों को निलंबित

**भिलाई।** एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने दो आरक्षकों को निलंबित किया है। जिसमें आरक्षक चौकी स्मृति नगर में पदस्थ विजय कुमार सिन्हा को लाइन अटैच किया गया है। आरक्षक शराब के नशे में दो बार अपने पुलिस कर्मियों से उलझ बैठा था। 6 अगस्त को शराब के नशे में धुत होकर जामुल थाने पहुंचा। जहां समन वारंट मददगार आरक्षक गजेंद्र सिंह के साथ वाद-विवाद करना शुरु कर दिया। आरक्षक कोर्ट के समन और वारंट को छीनने का भी प्रयास किया था। 9 अगस्त को थाना सुपेला में डायल 112 में ड्यूटी पर तैनात आरक्षक रमेश जायसवाल ने जब उसके शराब के नशे में घूमने की शिकायत किया तो उसके साथ भी अभद्रता करने लगा। वहीं दुर्ग कोतवाली थाना पदस्थ आरक्षक किशोर भगत को भी निलंबित किया।

### निगम के तीन कांग्रेसी पार्षदों ने दिया इस्तीफा!

**भिलाई।** भिलाई नगर निगम के तीन पार्षदों के इस्तीफे की चर्चा पूरे दिन गर्म रही। दो पार्षद निर्दलीय जीतकर आए थे लेकिन कांग्रेस में चले गए थे। वहीं एक पार्षद कांग्रेस पार्टी से ही जीतकर आए थे। ऐसी खबर है कि ये तीनों पार्षद भाजपा ज्वाइन कर सकते हैं। शनिवार को भिलाई निगम के भाजपा पार्षद व वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन का जन्मदिन रहा। तीनों पार्षदों का इस्तीफा विधायक को तोहफा देना माना जा रहा है।

## अव्यवस्था : लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी

# शहर की सड़कों पर घुमंतू मवेशियों का कब्जा आए दिन हो रहीं दुर्घटनाएं, मौन हैं जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय के लगभग हर सड़क व चौराहों पर आवारा घूमते मवेशी वाहन चालकों व राहगीरों के लिए खतरा साबित हो रहे हैं। यह समस्या शहर के अंदरूनी इलाकों में भी देखने को मिल रहा है। बारिश शुरू होने के बाद से सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा बढ़ गया है।

इसके कारण लोग लगातार दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। कई बार स्थिति ऐसी बन जाती है कि सड़क पार करने वाहन मालिकों को गाड़ी से उतरकर मवेशियों को हटाना पड़ता है। जिम्मेदारों को इस विकट समस्या की जानकारी है, क्योंकि आम लोगों की आवाजाही के लिए बने उसी सड़क से यह भी आना जाना करते हैं। इसके बाद भी इस समस्या को दूर करने नगर पालिका प्रभावी कदम नहीं उठा पाई है। बहरहाल मवेशियों के स्वच्छंद विचरण से आवागमन बाधित होने के साथ राहगीरों को आने जाने में मवेशियों का भय बना रहता है।



### मटेरियल भी कर रहा आवाजाही बाधित

शहर में आवारा मवेशियों के जगह जगह झुंड से लोग परेशान हैं, वहीं सड़क पर मकान दुकान निर्माण का मेटेरियल भी सुगम आवाजाही में समस्या बनी हुई है। भवन निर्माण को लेकर नगर पालिका अनुज्ञा जारी करता है, इसलिए उन्हें पता है कि शहर में कहाँ-कहाँ किनका निर्माण कार्य चल रहा है। इसलिए उनकी जिम्मेदारी बनती है कि समय-समय पर मानीटरिंग करे कि अनुज्ञा की शर्त अनुरूप मकान दुकान बन रहा है अथवा नहीं।

### मवेशी मालिकों पर कार्रवाई नहीं

शहर में आवारा मवेशियों और बेतरतीबी से बड़े वाहनों पर नपा व यातायात पुलिस दोनों की नजर पड़ती है, लेकिन इसे नजर अंदाज कर देने की मानसिकता के कारण सुबह से देर रात तक चौराहों पर मवेशियों का झुंड रहता है, लेकिन जिम्मेदार उसे हटाने की जहमत कभी नहीं उठाते। कई बार इसके चक्कर में वाहन चालक जल्दबाजी में हादसे के शिकार हो जाते हैं वहीं कार्रवाई के अभाव में मवेशी मालिकों के हौसले बुलंद हैं। हालांकि जिला प्रशासन दर्जनों बार व्यवस्थित यातायात व संभावित दुर्घटनाओ को दृष्टिगत रखते हुए मवेशियों के गले में रेडियम पट्टी लगाने, उन्हें कांजी हाऊस या गौठान में छोड़ने के साथ-साथ मवेशी मालिकों को भी समझाइश का निर्देश जारी कर चुका है, लेकिन हमेशा की तरह यहां भी जिला प्रशासन की सुनने को नपा राजी नहीं है।

## शाला भवन मरम्मत के नाम पर करोड़ों खर्च, पर नहीं लगा बोर्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/कोदवा

जनपद पंचायत बेरला अधीनस्थ गाँवों में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग बेरला द्वारा मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत करोड़ों रूपये के विभिन्न विकास कार्य किए गए हैं।

- मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना को लेकर उठ रहे कई सवाल

इनमें बेरला विकासखंड क्षेत्र के अधिकांश स्कूलों में अतिरिक्त भवन निर्माण, शौचालय निर्माण, मंच निर्माण, मरम्मत व सन्धारण कार्य एवं जीर्णोद्धार कार्य के नाम पर सरकारी ख़जाने से बड़ी राशि खर्च कर दी गई है। किन्तु इसके क्रियान्वयन में काफी हेराफेरी और मनमानी कर योजना के मकसद को मिट्टी में मिला दिया गया है। चूँकि इन दिनों बेरला ब्लॉक क्षेत्र के स्कूलों में आरईएस का अंदाज़ा इसी से लगाया जा सकता है, कि कई चरणों में स्कूलों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है, किन्तु कहीं इसके निर्माण सम्बन्धित बोर्ड व जानकारी पट्टिका गायब है तो कहीं लागत एवं निर्माण की अंतिम समय सीमा को ही नहीं लिखा गया है। इस मामले को लेकर लोगों में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के कार्यों में भ्रष्टाचार की आशंका जाहिर की जा रही है। वहीं, ऐसे कार्यों की मॉनिटरिंग व भौतिक सत्यापन कर उचित जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग उठने लगी है।

## भोरमदेव में शिवजी का अभिषेक करने अमचो से निकले 50 बाल कांवरिए...



**बेमेतरा।** जिला के अंतिम छोर पर बसे छोटे से गांव अमचो से लगभग 50 बाल कांवरियों का जत्था रविवार को सुबह आठ बजे से भोरमदेव के लिए निकला। ये कांवरिए सोमवार सुबह भोरमदेव देवालय पहुँचकर शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे। गांव में शिक्षक नुतेश्वर चंद्राकर ने बताया कि अमचो एवं आसपास के गांवों से प्रत्येक वर्ष लगभग चार से पांच सौ तक कांवरियों की टोली निकलती है। श्री चंद्राकर ने बताया कि अमचो से सन 2008-09 से निरंतर सावन माह में प्रतिवर्ष बोल बम समिति में मार्गदर्शन में भोरमदेव के लिए प्रस्थान करते हैं।

## समाज को आगे बढ़ाने में मिनीमाता का योगदान अविस्मरणीय : बघेल

### खाद्य मंत्री ने ममतामयी मिनीमाता को उनकी पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने रविवार जिले के नगर पंचायत नवागढ़ के बस स्टैण्ड में छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद ममतामयी मिनीमाता की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम सर्वोच्च गुरु असम दास गुरुगोसांई खपरीडीह खुर्द के सानिध्य में हुआ।

खाद्य मंत्री श्री बघेल ने कार्यकम को सम्बोधित करते हुए कहा कि ममतामयी मिनी माता ने सतनामी समाज को आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किया। समाज को भी संगठित होकर शिक्षा, स्वास्थ्य, और हर क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ाने समाज को एकजुट होकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को ऊंचा उठाने के लिए प्रयास किया था। खाद्य मंत्री ने समाज के लोगों को छत्तीसगढ़ की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही।




समाज द्वारा सतनाम भवन नवागढ़ से बस स्टैंड तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यकम में पद्म उषा बारले ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी।इस अवसर पर नगर पंचायत नवागढ़ के अध्यक्ष मंजूलता रात्रे, जिला पंचायत सदस्य अंजू बघेल नगर पंचायत मारो के अध्यक्ष धनलाल देशलहरे सहित अनेक जनप्रतिनिधि, जिला सतनामी सेवा समिति नवागढ़ के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## जिसके साथ शिव हैं, शक्ति भी उसी के पास : पंडित गणेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नगर के मध्य स्थित प्राचीन श्रीराम कृष्ण मंदिर में शिव महापुराण कथा रविवार से शुरू हुई। कथा से पहले कलश यात्रा निकाली गई। श्री शिव महापुराण कथा 11 अगस्त से शुरू हुई, जो 17 अगस्त तक चलेगी। इस दौरान कथा व्यास पंडित गणेश्वर महाराज के मुखारविंद से शिव महापुराण का वाचन किया जाएगा। कथा के पहले दिन विधिवत पूजा अर्चना कर कथा का शुभारंभ किया गया। कथा व्यास गणेश्वर महाराज ने अमृतमयी शिव महापुराण कथा के महात्म्य से श्रद्धालुओं को जीवन का मर्म समझाया।

- श्रीराम कृष्ण मंदिर में शुरू हुई शिव महापुराण कथा





उन्होंने श्रीरामचरित मानस में वर्णित शिव की महिमा को बताया। उन्होंने कहा कि जिसके साथ शिव हैं, शक्ति भी उसी के पास होती है। महाकाल का पूजन और ध्यान अकाल मृत्यु के भय से मुक्त करने वाला होता है। उन्होंने शिव पूजन किए जाने की वजह, विधि और पूजन के लिए प्रयोग किए जाने वाले जल, बेलपत्र, धतूरा आदि के बारे में जानकारी दी। श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन मंदिर के महंत सुरेंद्र दास वैष्णव एवं समस्त नगर वासियों के सहयोग से किया जा रहा है। इस दौरान यजमान उमाशंकर शर्मा, मिंटू बिसेन, हेमकांत यादव, लक्ष्मीचंद जैन, विनोद साहू, पृथ्वीराज ठाकुर, रामनारायण पाठक, रामनाथ ध्रुव, विनोद मिश्रा, बबलू ताम्रकार सहित भक्तजन उपस्थित रहे।

## नपं देवकर के नवायुक्त कर्मचारी और अधिकारी आज सामूहिक अवकाश पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

छत्तीसगढ़ नवायुक्त अधिकारी-कर्मचारी संघ के दिशानिर्देश पर 12 अगस्त को विभिन्न समस्याओं की ओर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराने के लिए नगर पंचायत देवकर के नवायुक्त कर्मचारी-अधिकारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे।

इसकी अग्रिम सूचना देते हुए देवकर संघ ने नगर पंचायत के सीएमओ मनीष कुमार को एकदिवसीय अवकाश के लिए आवेदन सौंपा। बताया जा रहा है कि सभी नवायुक्त कर्मचारी/अधिकारी अपनी समस्याओं के समाधान की मांग के लिए राजधानी रायपुर स्थित अटल नगर नया रायपुर में आयोजित विशाल धरणा प्रदर्शन में शामिल होंगे। ज्ञात हो कि नगरीय निकाय में पदस्थ कर्मियों को वेतन व अन्य सम्बंधित समस्या सालभर बना रहता है जिसके शासन-प्रशासन द्वारा संघ के निरंतर मांग पर भी ध्यान नही दिया जाता। फलस्वरूप संघ के आह्वान पर आज नगरीय निकाय के समस्त सेवाकर्मी एकदिवसीय अवकाश लेकर प्रशासनिक व आधिकारिक कार्य बंद कर आंदोलन की ओर कूच करेंगे। इसके लिए नगर पंचायत देवकर से इंजीनियर-विश्वनाथ ठाकुर, गाजड़गर प्रमोद कुमार सोनी, राजकुमार रात्रे, आबिद मोहम्मद कुरैशी, मूलचंद कोसरे, सोहन कुमार साहू सहित इत्यादि कर्मचारी-अधिकारी अपना कार्य एक दिन बन्द कर हड़ताल पर रहेंगे।

- संघ ने सीएमओ मनीष कुमार को एकदिवसीय अवकाश के लिए सौंपा आवेदन

## कलेक्टर ने ली राईस मिलर्स की बैठक, दी सख्त हिदायत

# 15 दिवस के भीतर कार्य पूर्ण करें अन्यथा की जाएगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर ने कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में जिले के सभी राईस मिलर्स की बैठक लेकर कस्टम मिलिंग एवं धान उठाव की समीक्षा की। कलेक्टर ने कस्टम मिलिंग अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समय पर कार्य नहीं करने वाले अधिकारियों या कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं। इसका मतलब है कि यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी अपने कर्तव्यों का समय पर पालन नहीं करता है या कार्यों में देरी करता है, तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही कार्यों में लापरवाही बरतने वालों पर भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों/कर्मचारियों और राईस मिलर्स को 15 दिवस के भीतर शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि 15 दिनों के भीतर ये कार्य पूरे नहीं होते हैं, तो संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिले में अब तक लगभग एफसीआई मे कस्टम मिलिंग अंतर्गत 35 एवं नान मे कस्टम मिलिंग अंतर्गत 74 प्रतिशत चावल जमा का कार्य पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर ने शेष प्रतिशत चावल जमा कराने के लिए विभागीय अधिकारी को मानिटिरिंग करने एवं राईस मिलर्स को यथाशीघ्र चावल जमा करने निर्देशित किया। बैठक में जिला खाद्य अधिकारी गणेश कुर्रे, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम एवं अन्य संबंधित अधिकारी तथा जिले के राईस मिलर्स के सदस्य उपस्थित थे।




### जिले में 125 राईस मिलर्स पंजीकृत

बता दें कि जिले में कुल 125 राईस मिलर्स पंजीकृत हैं, जिनके माध्यम से समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान का कस्टम मिलिंग कार्य कराया जा रहा है। वर्तमान में जिले के सभी राईस मिलर्स को भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा करने अनुबंध किया गया है तथा उनके द्वारा कस्टम मिलिंग कार्य किया जा रहा है।

मिलर्स द्वारा चावल जमा कार्य में हमालों की कमी की समस्या से अवगत कराया गया। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में खरीदी केंद्रों से धान उठाव की समीक्षा बैठक में बताया गया कि जिले में अब तक 934687 मिट्रिक टन धान उपार्जन किया गया है।

कस्टम मिलिंग अंतर्गत चावल उपार्जन की समीक्षा में पाया गया कि जिले में फोर्टिफाईड एफ.सी.आई. अरवा अंतर्गत 206086.5 मे.टन लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसमे धान उठाव का अनुपातिक चावल 205766 मे.टन, चावल जमा 65408.99 मे.टन, चावल जमा हेतु शेष 140357 मे.टन है। इसके पश्चात फोर्टिफाइड एफसी आई उसना का जिले में 51712.2 मे.टन लक्ष्य निर्धारित की गई थी जिसमे धान उठाव का अनुपातिक चावल 50967 मे.टन, चावल जमा 25923.13 मे.टन, चावल जमा हेतु शेष 24044 मे.टन हुई है।

इसके अलावा नागरिक आपूर्ति निगम मे कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन की समीक्षा अंतर्गत नान अरवा का 3697.12 मे.टन लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसमे धान उठाव का अनुपातिक चावल 3697 मे.टन, चावल जमा 3049.64 मे.टन, चावल जमा हेतु शेष 647 मे.टन हुई है एवं नान फोर्टिफाइड अरवा अंतर्गत 98076.45 मे.टन लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसमे धान उठाव का अनुपातिक चावल 98074 मे.टन, चावल जमा 72434.56 मे.टन, चावल जमा हेतु शेष 25639 मे.टन हुई है।

### महादेव सट्टा ऐपः खाते से क्रेडिट व डेबिट

**भिलाई।** महादेव सट्टा ऐप चलाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि कैंप 2 पुरानी मछली मार्केट निवासी मो. शाहिल ने फर्जी खाता और सिम निकालने की शिकायत की थी। भिलाई कैंप 1 निवासी तबरेज खान ठगी से आधार कार्ड, पेन कार्ड लिया। भिलाई नगर निगम आरके कलर्स नाम से दुकान का फर्जी गुमास्ता बनाया। इसके बाद कोटक बैंक में उसके नाम पर फर्जी करंट खाता खुलवा दिया। खाते में 64 लाख रुपए क्रेडिट डेबिट हुआ तो बैंक की विजलेंस टीम ने खाते को फ्रिज कर दिया। इसके बाद बैंक के कर्मचारी आरके कलर्स पहुंचे।


पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# कांग्रेस-भाजपा का एक-दूसरे पर आदिवासी विरोधी होने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा और कांग्रेस ने एक दूसरे पर आदिवासी विरोधी होने का आरोप लगाया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, विश्व आदिवासी दिवस पर रायपुर में आयोजित दो कार्यक्रमों में सरकार के प्रतिनिधि नहीं गए। कांग्रेस ने भाजपा पर आदिवासियों का अपमान करने का आरोप लगाया है। छत्तीसगढ़ की 32 प्रतिशत आबादी आदिवासियों की है, जो अब भाजपा के इस कदम से नाराज है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा, अफवाह व भ्रम फैलाकर अब कांग्रेस विश्व आदिवासी दिवस को लेकर ओछी राजनीति कर रही है। दीपक बैज भी अब आलाकमान के सामने अपना नंबर बढ़ाने की कवायद करके सत्य और तथ्य से परे बातें करने लगे हैं।

## आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में नहीं गए सरकार के प्रतिनिधि : बैज



### कांग्रेस मुद्दा विहीन : ठाकुर

श्री ठाकुर ने कहा, दरअसल कांग्रेस के पास अब कोई मुद्दा है नहीं, इसलिए बेबुनियाद बयानबाजी कर अपने राजनीतिक वजूद की आखिरी लड़ाई से जूझ रही है। कांग्रेस के लोग पहले अपने और अपनी पिछली भूपेश सरकार के आदिवासी विरोधी कारनामों को याद कर लिया करें। उन्होंने कहा, आदिवासी महिला जब राष्ट्रपति बन रही थी, तो कांग्रेस ने पूरा विरोध किया और द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति नहीं बनने देने के लिए पूरा दम लगाया और पूरी कोशिश की कि एक आदिवासी महिला राष्ट्रपति न बन पाए। भाजपा ने ही आदिवासियों के लिए छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया, एक आदिवासी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया, यह सही मायने में आदिवासियों का सम्मान है।



### बिरसा मुंडा जयंती मनाएगी भाजपा

श्री ठाकुर ने कहा, वर्ल्ड इंडीजेनस डे का भारतीय संस्कृति के हिसाब से यहां कोई बड़ा महत्व नहीं है। भाजपा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को धूमधाम से मनाएगी जो आदिवासी समाज से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे हैं। कांग्रेस को पचास वर्ष तक आदिवासियों का शोषण करने, उन्हें अपमानित करते रहने के लिए प्रायश्चित करना चाहिये।

### भाजपा का असली मकसद समझ गए आदिवासी- बैज

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा ने पिछले पांच सालों में आदिवासियों को अलग-अलग मुद्दों पर भटकाया और कांग्रेस के ख़िलाफ़ खड़ा किया। नतीजा यह हुआ कि बहुत सी आदिवासी सीटों पर भाजपा को सफलता मिली। भाजपा के इस बहिष्कार ने आदिवासी समाज की आंखें खोल दी हैं और अब वे भाजपा के असली मकसद को समझ गए हैं। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर भाजपा से जवाब से पूछा है कि आदिवासियों की संस्कृति और परंपराओं के खिलाफ क्यों है?

## खबर संक्षेप

### अपर कलेक्टर राठौर ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

**रायपुर।** अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर ने गुढ़यिारी के नया तालाब स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को परोसे जाने वाले भोजन को चखकर गुणवत्ता की जांच की। साथ ही उन्होंने यहां आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर जिले के अधिकारियों द्वारा गांवों का निरीक्षण किया जा रहा है और योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में भी जानकारी ली जा रही है।

### दुर्घटना में घायलों को आर्थिक सहायता स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं दावा निपटान आयुक्त सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में घायलों को 1 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम परसदा पोस्ट कोड़िया तहसील अहिवारा जिला दुर्ग निवासी शौर्य सिंह कश्यप एवं खुमान सिंह कश्यप की विगत 07 फरवरी 2023 को टक्कर मारो और भाग जाओ वाहन दुर्घटना के चलते गंभीर उपहति हो गई थी। उक्त घटना में गंभीर रूप से घायल शौर्य सिंह कश्यप एवं खुमान सिंह कश्यप को प्रतिकर राशि स्कीम 2022 के तहत सोलेशियम प्रतिकर के रूप में कलेक्टर द्वारा 50-50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### डोंगावकर ने ग्याहवी बार की रक्तदान

**दुर्ग।** जीवन दीप समीति के सदस्य प्रशांत डोंगावकर के द्वारा 11 वीं बार रक्त 'ए' पाजिटिव ब्लड और ईरशाद रजवी ने भी 11 वीं बार 'ए' पाजिटिव ब्लड रक्त दान किया। दोनो ने रक्तदान कर मरीज की जान बचाई। इस दौरान सीएस डॉ हेमंत साहू, डॉ प्रवीण अग्रवाल, तरूणा, टीएस एंथोनी, रोशन सिंह, डेमन एवं रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रबंधकारिणी सदस्य और जीवन दीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर, सदस्य सतीश सुराना, दुष्यंत देवांगन की भूमिका रही।

### आईजी ने ली राजपत्रित पुलिस अफसरों की बैठक

**रायपुर।** क्राइम पर अंकुश लगाने शनिवार को रेंज आईजी अमरेश मिश्रा ने राजपत्रित पुलिस अफसरों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला स्तर पर अपराधों की रोकथाम, लंबित अपराध, मर्ग प्रकरण एवं शिकायतों के निराकरण के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में तीन माह से ऊपर के लंबित अपराध, समस्त गंभीर प्रकरण, अनसुलझे मामलों एवं सपंत्ति संबंधी मामलों की समीक्षा की गई। ऐसे मामलों में अपराधियों का डाटाबेस तैयार कर प्रकरणों के निकाल करने और आवश्यकतानुसार रेंज स्तर पर टीम बनाकर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के आईजी ने निर्देश दिए। चिटफंड अपराधों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और निवेशकों को धन वापसी के लिए समुचित प्रयास करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जमानत प्राप्त बदमाशों द्वारा जमानत के दौरान घटना करने की सूचना पर जमानत निरस्त कराने की कार्रवाई कराने के निर्देश दिए।

### विधानसभा की जांच समिति ने पांचों संभाग के अफसरों की ली बैठक

# अरबों रुपए का राशन घोटाला जांच समिति ने पूछे 16 सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



अरबों रुपए के राशन घोटाले के संबंध में जांच समिति की ओर से खाद्य मंत्रालय से कांग्रेस शासनकाल में हुए घोटाले के मामले में 16 बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई है। बस्तर और सरगुजा संभाग के फूड अफसरों की बैठक में खाद्य संचालनालय के दोषी अधिकारी खुद को बचाने के लिए दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं। मामले में समिति ने पांचों संभागों के फूड अफसरों की बैठक ली थी। बैठक में सभी संभाग जिलों के अधिकारियों से कहा गया है कि पूरी जानकारी भेजने के बाद समिति आगे इस मामले में निर्णय लेगी।

सूत्रों ने बताया है कि जांच समिति ने जो जानकारी मांगी है, उसमे माह सितंबर 2022 में प्रदेश की तेरह हजार राशन दुकानों में बीते तीन साल से दिए गए सौ फीसदी कोटा के दिए जाने के बाद बचे चावल, शक्कर आदि की मात्रा की जानकारी मांगी गई है। माह अप्रैल 2022 में दो माह का कोटा एक साथ दिए जाने और वितरण, जनवरी 2022 से जनवरी 2023 तक चावल वितरण, जिन राशन दुकानों में चावल बचा था, उनको फिर से दिए गए चावल की जानकारी मांगी गई है। प्रदेश की तेरह हजार राशन दुकानों में से पांच हजार राशन दुकानों में तीन से पांच महीने का कोटा दिए जाने के बाद दो अरब रुपए के बचत स्टॉक की कालाबाजारी को खाद्यमंत्री दयाल दास बघेल ने विधानसभा में स्वीकार किया है। इसकी राजस्व वसूली और बाजार से खरीद कर रखने के संबंध में जानकारी मांगी गई है। सूत्रों ने बताया है कि संचालनालय में घोटाले का दोषी अधिकारी जूम वीडियो कांफ्रेंसिंग कर नियम विपरीत बाजार से घटिया चावल खरीद कर स्टॉक बराबर करने का काम किया है। विधान सभा सचिवालय के द्वारा 2022 से 2024की अवधि में निलंबित और एफआईआर कराए जाने वाले राशन दुकानों की विस्तार से जानकारी मांगी है। ये भी जानकर मांगी गई है कि राशन दुकानों को दो माह का कोटा देने के बाद तीसरे महीने कोटा किस आधार पर दिया गया।

### 13 हजार दुकानों का बचत स्टॉक, घोषणापत्र गायब

उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने 2016 में पारदर्शी सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश बनाकर आदर्श वितरण प्रणाली लागू की थी। इस प्रणाली ने देश में छत्तीसगढ़ राज्य को पहले स्थान पर स्थापित किया था। कांग्रेस शासन काल में छत्तीसगढ़ राज्य 19वें स्थान पर नीचे चला गया था। बताया जा रहा है कि खाद्य संचालनालय के एक अधिकारी द्वारा मामले में बवाल मचने पर प्रदेश की तेरह हजार राशन दुकानों का बचत स्टॉक का घोषणापत्र गायब करा दिया गया है।

# बृजमोहन बोले-छत्तीसगढ़ के विकास के लिए केंद्र ने सात हजार करोड़ दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार को नई दिल्ली से लौटने पर कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा, कांग्रेस नक्सलियों से मिली हुई है और इसके प्रमाण समय-समय पर आते रहते हैं। लोकसभा में उठाए गए मुद्दों पर चर्चा करने के साथ उन्होंने बताया, केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान से बस्तर में जनजातीय विश्वविद्यालय खोलने पर चर्चा भी की, जिसका परिणाम भी जल्द ही देखने को मिलेगा। छत्तीसगढ़ के विकास के लिए केंद्र ने 7 हजार करोड़ दिए हैं। कांग्रेस के समय में तो पांच साल में 300 करोड़ मिलता था।

विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा, पहले विधायक था तो विधानसभा का नेता था, अब पूरे छत्तीसगढ़ की सेवा करने का मौका मिला है। उन्होंने बताया, संसद का अनुभव बहुत अच्छा रहा। बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया, सदन में रायपुर एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने का मुद्दा उठाया। इसके अलावा रेलवे की समस्या और विस्तार का प्रश्न उठाया। इस पर आश्वासन दिया गया है कि बहुत जल्द ही ट्रेन रद्द और लेटलतीफी का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा, प्रदेश में तीसरी पटरी बिछाने का काम चल रहा है, इसलिए दिक्कत हो रही है। पहले जिस काम में चार दिन लगता था अब तकनीक का उपयोग करके तीन दिन में करने का आश्वासन दिया गया है। उन्होंने बताया, रेलवे की लगभग 22 परियोजनाएं चल रही है। रेलवे स्टेशनों का विकास किया जा रहा है।

### नक्सलियों से मिली हुई है कांग्रेस

छत्तीसगढ़ में नक्सली घटना को लेकर श्री अग्रवाल ने कहा, हमारी नीति स्पष्ट है। कांग्रेस ने पांच साल में जितने नक्सलियों को नहीं मारा, उससे ज्यादा हमने छह महीने में मार गिराए हैं। उन्होंने कहा, हम तो पहले से कहते रहे हैं कि कांग्रेस नक्सलियों से मिली हुई है। अब गिरफ्तारी भी हो रही है और प्रमाण भी मिल रहे हैं। कांग्रेस नक्सलियों से मिली हुई है इसका प्रमाण समय समय पर सामने आता है। छत्तीसगढ़ी भाषा आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर श्री अग्रवाल ने कहा, अभी सिर्फ दो माह ही हुए हैं सांसद बने। छत्तीसगढ़ी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल होना चाहिए। ये मांग आगे हम उठाएंगे। उन्होंने कहा, बस्तर में जनजातीय विश्वविद्यालय खोलने की केंद्रीय शिक्षा मंत्री से बात की है।

## पार्षदों ने किया आदि योगी का दर्शन

**रायपुर।** बेंगलुरु और मैसूर की शैक्षणिक यात्रा पर गए रायपुर नगर निगम के पार्षदों ने शनिवार को सावन माह में बाबा भोलेनाथ की विशाल प्रतिमा आदि योगी का दर्शन किया। संस्कृति विभाग अध्यक्ष आकाश तिवारी, पार्षद प्रकाश जगत, पुरुषोत्तम चंद्र बेहरा, राजा बंजारे, मनीराम साहू ने दर्शन लाभ प्राप्त किया। महापौर एजाज ढेबर सहित नगर निगम के 50 पार्षद और निगम के 15 अधिकारी इन दिनों शैक्षणिक प्रवास पर हैं।



# प्रौढ़ अब सब्जी, अनाज, फल, रेत, गिट्टी लकड़ी से सीखेंगे अक्षर व अंक ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शिक्षा से वंचित लोगों को अब सब्जी, अनाज, फल, रेत, गिट्टी, लकड़ी, खेत-खलिहान आदि के माध्यम से अक्षर व अंक ज्ञान से जोड़ा जाएगा। उन्हें जीवन की चुनौतियों से निपटने का समाधान बताने जीवन कौशल से भी परिचित कराया जाएगा। खेल व गीत के माध्यम से कक्षा को रोचक बनाया जाएगा। असाक्षर लोगों के लिए यह कवायद राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण व एससीईआरटी द्वारा की जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम पूरे देश में चलाया जाना है। इस साक्षरता अभियान के जरिए प्रत्येक उम्र के साक्षर व्यक्तियों को शिक्षित करने प्रयास होंगे।

- शिक्षकों को दिया जा रहा विशेष प्रशिक्षण, शिक्षा से वंचित लोगों को सिखाएंगे जीवन कौशल

असाक्षरों को शिक्षित करने के लिए ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे वे चीजों को जल्द से जल्द से सीख सकें और लंबे वक्त तक उन्हें याद रखें। इस अभियान से जुड़े लोगों को प्रशिक्षित करने के लिए खास कार्यशाला भी आयोजित की जा रही है, जहां उन्हें बताया जाएगा कि किस तरह से इन चीजों का प्रयोग करते हुए लोगों को साक्षर बनाया जा सकता है। प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्ति संबंधित शिक्षकों तक इस योजना को पहुंचाएगा।

### शपथ, गीत, प्रार्थना सहित खेल गतिविधियां

राज्य स्तरीय कार्यशाला इस दौरान इसके प्रशिक्षण के लिए आयोजित होगी। साक्षरता कार्यक्रम की निरंतरता बनाए रखने के लिए भी प्रशिक्षकों को प्रेरित किया जाएगा। उल्लास शपथ, उल्लास गीत, उल्लास ताली, सर्वधर्म प्रार्थना, प्रेरणा गीत भी साक्षर कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। शिक्षकों को साक्षरता का महत्व बताने के साथ उल्लास के लिए वातावरण निर्माण के नवाचारी तरीके, सीखने-सिखाने के नवाचारी तरीके भी बताए जाएंगे। दूरस्थ क्षेत्रों में अधिक उम्र वाले व्यक्तियों को साक्षरता कार्यक्रम से जोड़ने में परेशानी होती है। ऐसे में उन्हें अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने टिप्स दिए जाएंगे।

### क्यूआर कोड पर उपलब्ध रहेगी सामग्री

दीक्षा पोर्टल में इससे संबंधित सामग्री उपलब्ध है। क्यूआर कोड के माध्यम से इस सामग्री का अध्ययन किया जा सकता है। एनसीईआरटी के यू-ट्यूब चैनल, उल्लास ऐप में भी पाठ्य सामग्री मौजूद है। इसका भी उपयोग शिक्षण में किए जाने की जानकारी भी प्रदान की जा रही है। असाक्षरों को अक्षर ज्ञान प्रदान करने के अलावा उन्हें जीवन कौशल भी सिखाया जाएगा। इसमें वित्तीय साक्षरता से लेकर कई ऑनलाइन चीजें शामिल हैं।

# पांच साल से हाथियों में रेडियो कॉलर लगाना बंद, हादसे बढ़े

**महीनेभर में 15 से ज्यादा लोगों की मानव-हाथी द्वंद्व में मौत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के अलग-अलग वनमंडलों में वर्तमान में साढ़े तीन सौ के करीब हाथी विचरण कर रहे हैं। हाथियों से सबसे ज्यादा प्रभावित इलाका उत्तरी छत्तीसगढ़ है। मानव-हाथी द्वंद्व के कारण पिछले एक महीने में 15 से ज्यादा लोगों की मौतें हुई हैं। राज्य में पिछले दो माह में मानव हाथी द्वंद्व की समस्या बढ़ी है। इसकी वजह जानकार हाथियों के मूवमेंट की सही तरीके से मॉनिटरिंग नहीं होना बता रहे हैं।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की गिनती हाथी प्रभावित राज्यों के रूप में होती है। हाथियों की वास्तविक लोकेशन रेडियो कॉलर के माध्यम से ट्रैक हो सकती है। राज्य में पिछले पांच वर्षों से रेडियो कॉलर लगाने का काम बंद है। इसके कारण हाथियों के दल का सही लोकेशन का पता नहीं चल पा रहा है। शुक्रवार को जशपुर वनमंडल के बगीचा नगर पंचायत के रहवासी क्षेत्र में घुसकर एक नर हाथी के कुचले जाने से चार लोगों की मौत की घटना सामने आई है। इसके एक दिन पूर्व कोरबा में मानव-हाथी द्वंद्व में तीन लोगों की मौत हुई है।

### इन जिलों में हाथियों का विचरण सबसे ज्यादा

हाथियों का सबसे ज्यादा विचरण क्षेत्र का इलाका राज्य के सरगुजा, जशपुर, कोरिया और कोरबा वनमंडल है। इन चार वनमंडल में मानव हाथी द्वंद्व से मौत की घटनाएं सबसे ज्यादा घटित हो रही हैं। जशपुर वनमंडल में 10 दिन पूर्व एप के माध्यम हाथी का लोकेशन ट्रैप करने का प्रशिक्षण दिया गया है।

### लोकेशन ट्रेस करने तकनीक एकमात्र साधन

जानकार मानव-हाथी द्वंद्व रोकने तकनीकी मदद लेने की बात पर जोर दे रहे हैं। जानकारों के अनुसार उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में वन तथा वन्यजीवों की निगरानी के लिए एआई से लैस रिमोट सेंसिंग तथा ड्रोन मैपिंग कैमरा लगाए गए हैं, उसी तरह के उपयोग हाथी प्रभावित वनमंडलों में करने की बात पर जोर दिया है। इससे वनों में अवैध कब्जा से लेकर वनों की वर्तमान स्थिति के बारे में गूगल के माध्यम से जानकारी मिलती रहेगी। इसके साथ ही थर्मल ड्रोन तथा अलर्ट एप के माध्यम से हाथियों की निगरानी करने की बात जानकार कह रहे हैं।

### दल से भटकते नहीं, निकाले जाते हैं

हाथी मामलों के जानकारों के मुताबिक हाथी हमेशा समूह में रहते हैं। नर हाथी की उम्र 15 साल हो जाती है, इसके बाद दल में शामिल हाथी उस नर हाथी को दल से बाहर कर देते हैं। इसकी वजह नर हाथी का समूह के साथ किसी तरह से मैटिंग की स्थिति निर्मित न हो पाए। समूह में 15 साल रहने के बाद दल से निकाले जाने पर नर हाथी अवसाद में आ जाता है। इसके कारण घटनाएं घटित होती हैं।

### राज्य के हाथियों का महाराष्ट्र में डेरा

गौरतलब है कि राज्य के हाथियों का एक बड़ा समूह पिछले तीन वर्ष से महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के जंगल में विचरण कर रहा है। हाथियों के मूवमेंट को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार डेढ़ हजार वर्ग किलोमीटर में एलिफेंट रिजर्व बनाने की योजना बना रही है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश, बांधवगढ़ में राज्य के 50 के करीब हाथी विचरण कर रहे हैं। मध्यप्रदेश के अन्य वन मंडलों में भी राज्य के हाथियों की धमक है, लेकिन वहां हाथियों को अपने क्षेत्र में आने से रोकने लोग पटाखे चलाने के साथ अन्य गैर जरूरी उपाय कर रहे हैं। ऐसे में हाथी आक्रमक होकर मध्यप्रदेश से लौटकर यहां जनहानि की घटना को अंजाम दे रहे हैं।

## नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एकसाथ कराने पर भूपेश बोले- संभव नहीं वन नेशन वन इलेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव को एक साथ कराने को लेकर भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार वन नेशन वन इलेक्शनकैसे करा सकती है? चुनाव केवल पंचायत और नगरीय निकाय के नहीं होते। चुनाव विधानसभा के भी होते हैं और लोकसभा के भी। जो राज्य सरकार के हाथ में नहीं है, वे वन नेशन वन इलेक्शन के बारे में क्या चर्चा करेंगे। इनकी चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर होगी। वन नेशन वन इलेक्शन संभव ही नहीं है।

संवाददाताओं से चर्चा में गौ-अभयारण को लेकर पूर्व सीएम ने कहा, एक भी जगह नहीं बना है। अभी जो मवेशी हैं, सड़कों और खेतों में घूम रहे हैं। सड़क पर जानमाल का नुकसान हो रहा है और खेतों में फसल का नुकसान हो रहा है। सरकार हाथ पर हाथ धरी बैठी हुई है। किसी भी गांव में जाओ, 100-50 छोटे जानवर दिखेंगे ही। इससे एक तरफ जानमाल का नुकसान हो रहा है और गोबर जहां-जहां पड़े, वहां गंदगी फैल रही है, मच्छर पैदा हो रहे हैं और कई प्रकार की बीमारियां होने की संभावना है।

### फोरपोल लगाने का काम तेजी से चल रहा : वर्मा

# कमल विहार को अंडरग्राउंड बिजली की समस्या से निजात दिलाने में जुटा सीएसपीडीसीएल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी में सर्वसुविधायुक्त आवासीय कॉलोनी उपलब्ध कराने के लिए चर्चित कमल विहार में आए दिन बिजली गुल होने से वहां के रहवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) के इस प्रोजेक्ट ने रहवासियों को तमाम तरह की सुविधाएं देने का वादा किया है, लेकिन अंडरग्राउंड बिजली का सिस्टम सिरदर्द बन गया था। आए दिन बिजली कटौती से वहां के रहवासी खासे परेशान थे। स्थिति यहां तक आ गई कि कमल विहार में लगे ट्रांसफार्मर यार्डों के खराब 11 केवी प्रोटेक्शन पैनल को फोरपोल डीओ यूनिट को बदलने तक की नौबत आ गई। लोगों की शिकायतें राज्य बिजली कंपनी के चेयरमैन पी. दयानंद और कलेक्टर गौरव कुमार सिंह को मिलते ही सीएसपीडीसीएल और आरडीए के अधिकारियों ने वस्तुस्थिति देखी। आरडीए ने इस खराबी को दूर करने बिजली कंपनी को 1.87 करोड़ रुपए का भुगतान किया। समस्या को दूर करने सीएसपीडीसीएल तत्काल इस खराबी को दूर करने की तैयारियों में जुट गया और खराब ट्रांसफॉर्मर यार्ड को बदलने के लिए 27 फोरपोल लगाने का तेजी से कराया जाने लगा। स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी रायपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता मनोज वर्मा ने बताया कि कमल विहार में अंडरग्राउंड बिजली सिस्टम में खराबी है, उसके कई ट्रांसफार्मर यार्ड खराब हुए हैं। कमल विहार के बिजली सिस्टम को दुरुस्त करने तेजी से काम कराया जा रहा है।

### तैयार कराए गए 17 पोल

मनोज वर्मा ने बताया कि खराब ट्रांसफार्मर यार्ड बदलने के लिए 27 फोरपोल लगाने का काम तेजी से कराया जा रहा है। इनमें से 17 पोल दो से तीन दिनों के अंदर तैयार कराए गए। ठेकेदारों को इसके लिए टेंडर प्रक्रिया से काम दिया गया है। अगले 3 दिनों में सभी 27 फोरपोल का काम पूरा करा लिया जाएगा। काम पूरा कराने कमल विहार के किसी भी सेक्टर में शटडाउन लिया सकता है। सेक्टर वाइस शटडाउन की सूचना भी दी गई है।

## सरल समाधान योजना की अवधि 31 दिसंबर तक बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने वित्त एवं वाणिज्य कर मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सरल समाधान योजना की अवधि 31 दिसंबर बढ़ाये जाने की मांग करते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा। इसमें यह मांग की गई कि इस योजना में हजारों की संख्या में प्रकरण शामिल हो गये हैं और बहुत सारे नये प्रकरण शामिल होना है। मार्च में अवकाश ज्यादा है, इसलिए इस योजना की समय अवधि 31 मार्च से बढ़ाकर 31 दिसंबर 2024 तक की जाये।

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को वित्त, वाणिज्यिक कर मंत्री से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज व शास्ति के निपटान अधिनियम 2023 की तारीख को 31 दिसंबर तक बढ़ाने का आग्रह किया है। प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने पारवानी ने वाणिज्यिक कर मंत्री से अनुरोध किया है कि योजना में हजारों की संख्या में प्रकरण शामिल हो गये हैं, और अभी भी बड़ी संख्या में नए प्रकरण शामिल होना बाकी है। इसीलिए अधिक से अधिक व्यवसायिओं को योजना में शामिल होने का मौका देने इसकी अंतिम तारीख बढ़ाई जाये।

## खबर संक्षेप



### भूमिगत केबलिंग से सड़क जर्जर, सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** गोलबाजार इलाके में अंडरग्राउंड केबलिंग के अधूरे काम की वजह से सड़कों पर गड्ढे हो गए हैं, जो हादसे का कारण बन रहे हैं। मर्चेंट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने जोन कमिश्नर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि केबलिंग कार्य की वजह से हर गली और सड़क जर्जर हो गई है, जिसे ठीक कराने की आवश्यकता है। अधिकारी ने उन्हें शीघ्र समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से सतीश जैन, मुरली शर्मा, कलीराम साहू, सुनील पृथवानी, रजा खान शामिल थे।

### व्यापारी, किसान मजदूर, ग्राहकों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण



**रायपुर।** राजधानी थोक सब्जी मंडी, डूमरतराई, रायपुर में श्रीराम थोक सब्जी विक्रेता समिति एवं रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल द्वारा संयुक्त रूप से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों की संख्या में व्यापारी, किसान, मजदूर एवं ग्राहकों ने भाग लेकर अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करवाया। इस अवसर पर थोक सब्जी मंडी अध्यक्ष टी. श्रीनिवास रेड्डी, उपाध्यक्ष राजा साहू, सचिव हरीश बाबरिया, संयुक्त सचिव अमित गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजा पंजवानी, गजेंद्र अग्रवाल, विष्णु साहू, शेख अब्दुल्ला, प्रीतम केशवानी, सेवक मटलानी एवं रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल से डॉ. सरस्वती शर्मा, प्रकाश बरसगढ़े सहित नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहे।

### गायत्री शक्तिपीठ की बैठक महाकाल की होगी पूजा-अर्चना

रायपुर। गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी में स्थित महाकाल मंदिर की वर्षगांठ सोमवार को मनाया जाएगी। 12 अगस्त को महाकाल मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा पिछले वर्ष की गई थी इसलिए प्राण-प्रतिष्ठा के दिवस को विशेष रूप से मनाया जाएगा। इस संबंध में गायत्री परिवार ट्रस्ट की बैठक शनिवार को हुई। बैठक में ट्रस्ट कमेटी ने जानकारी देते हुए बताया कि इसी कड़ी में 11 अगस्त को शाम 4 बजे से भगवान भोलेनाथ के मंदिर में सामूहिक रूप से जनकल्याण के लिए महामंत्रों का जाप किया जाएगा।

### खम्हारडीह में बंद कराई डेयरी, 10 मवेशियों को शहर से बाहर छोड़ा

**रायपुर।** शहर के रिहाइशी इलाके में डेयरी चलाने वालों के खिलाफ निगम ने अभियान चलाया है। शनिवार को जोन 9 अमले ने खम्हारडीह क्षेत्र में चल रही डेयरी के 10 मवेशियों को पकड़कर निगम सीमा के बाहर ले जाकर छोड़ा। नगर निगम सीमा क्षेत्र के रहवासी इलाके में अवैध रूप से संचालित डेयरी संचालकों पर कड़ाई बरतने जोनवार अभियान चलाया जा रहा है। जोन 9 की टीम ने खम्हारडीह रहवासी क्षेत्र में विष्णु यादव द्वारा संचालित डेयरी को बंद करवाया। डेयरी के 10 मवेशियों को जब्त कर काउकेचर वाहन की सहायता से शहर के बाहर छोड़ा गया। जोन कमिश्नर संतोष पांडे, कार्यपालन अभियंता केके शर्मा, सहायक अभियंता अंशुल शर्मा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी आदित्य हजारी, सहायक राजस्व अधिकारी विजय शर्मा की उपस्थिति में यह कार्रवाई हुई।

### सोनडोंगरी में डॉग शेल्टर निर्माण कार्य बेहद धीमा

**रायपुर।** शहरवासियों को आवारा कुत्तों के खौफ से निजात दिलाने नगर निगम सोनडोंगरी में डॉग शेल्टर का निर्माण करवा रहा है। 1 साल बीतने के बाद भी निर्माण कार्य की सुस्त रफ्तार ने शहरवासियों की चिंता बढ़ाई है। इधर नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने स्पॉट पर पहुंचकर निर्माण कार्य में देर को लेकर विभागीय अधिकारियों से सवाल किया, अब तक डॉग शेल्टर का काम पूरा क्यों नहीं हुआ? अधूरे काम को जल्द पूरा करने उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये।

# एआई तकनीक से बेस किचन की निगरानी, खाना पकाने में गलती होने से तुरंत करेगा अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय रेलवे नई तकनीक का प्रयोग कर खुद को हाईटेक कर रहा है। इस क्रम में जोन भी जल्द ही बेस किचन और लॉन्ड्री एआई तकनीक की मदद लेगा। इसकी शुरुआत पूर्वोत्तर रेलवे समेत देश के विभिन्न जोन में शुरू हो चुकी है। खाने में लगातार मिलने वाली शिकायत को कम करने एआई कैमरा से निगरानी होगी।

इसकी मदद से किचन में शेफ लगती हुई तो तुरंत ही उसे अलर्ट करेगा। आईआरसीटीसी के अधिकारियों का कहना है कि बेस किचन तैयार होने के बाद आने वाले समय में एआई तकनीक की सुविधा भी मिलेगी। तकनीक हर छोटी बड़ी खामियों पर कैमरा तुरंत अलर्ट करेगा। उदाहरण के तौर अगर बेस किचन में काम के समय शेफ ने अपनी टोपी भी उतारी तो कैमरा तुरंत इसकी जानकारी देगा। इतना ही नहीं, थाली की पैकिंग में भी कोई कमी रह गई, तो उसकी भी जानकारी तुरंत ही मिलेगी। इससे यात्रियों की छोटी-छोटी शिकायतें दूर हो सकेंगी।

**खास बातें**

- खाने की शिकायतों को कम करने जोन में भी एआई तकनीक की ली जाएगी मदद
- यात्रियों को हाईजेनिक भोजन देने जोन में बन रहे 46 बेस किचन
- बेस किचन से ही ट्रेनों में चढ़ेगा खाना, रूट अनुसार मिलेगी किचन की सुविधा



### जिस ट्रेन में पेंट्रीकार नहीं उन्हें भी मिलेगा लाभ

रेल मंत्री के आदेश के अनुसार रेलवे में कैटरिंग की पुरानी व्यवस्था को खत्म किया जाएगा। आईआरसीटीसी का बेस किचन बनने के बाद लाइसेंस वाले किचन और ट्रेनों में पेंट्रीकार में बनने वाले खाने को धीरे-धीरे बंद किया जाएगा। जोन की ट्रेनों से पेंट्रीकार नहीं हटेगा। आईआरसीटीसी के एक अधिकारी ने बताया कि रेलवे के बेस किचन से उन ट्रेनों को भी लाभ मिलेगा, जिनमें पेंट्रीकार नहीं होते। बेस किचन से भोजन को पकाकर उन ट्रेनों के यात्रियों को दिया जा सकेगा। छोटे व बड़े स्टेशनों पर ही बेस किचन तैयार हो रहे हैं, जो यात्री को सुबह का नाश्ता, दोपहर व रात का भोजन मुहैया कराएंगे।

### भोजन की बारीकी से निगरानी

वर्तमान में शिकायत आने पर रेलवे जांच करता है, लेकिन एआई कैमरे से तकनीक ही भोजन की बारीकी से निगरानी करेगा। यात्रियों की सुविधा के लिए जोन में 46 बेस किचन तैयार हो रहे हैं, जिनमें 20 किचन इसी महीने बनकर तैयार हो जाएंगे। इसके बाद एआई तकनीक पर काम किया जाएगा। वर्तमान में बेस किचन की सुविधा रायपुर में नहीं है। खास बात यह भी है कि ट्रेनों के रूट अनुसार बेस किचन दिया गया है। जानकारी मुताबिक ठेकेदार को ट्रेन आवंटित की जाएगा। इससे ऑर्डर समय पर मिलेगा और यात्रियों को अधपका भोजन नहीं मिलेगा।

## भूलने, चिड़चिड़ाहट, गुस्सैल और गुमसुम रहने की बढ़ रही समस्या

# मोबाइल की लत, नजर ही नहीं बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


मोबाइल में ज्यादा वक्त बिताने की वजह से बच्चों की नजर के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर हो रहा है। उनमें भूलने, चिड़चिड़ाहट, गुस्सैल और गुमसुम रहने की शिकायतें बढ़ रही हैं। राजधानी में निजी और सरकारी अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञों की ओपीडी में माता-पिता मोबाइल एडिक्ट हो रहे बच्चों को लेकर पहुंच रहे हैं।

- शिशु रोग विशेषज्ञों के पास रोजाना पहुंच रहे मोबाइल एडिक्ट बच्चे

कोरोनाकाल तो बीत गया, मगर ऑनलाइन पढ़ाई की वजह से मोबाइल की लत उन्हें लग गई। शिशुरोग विशेषज्ञ इस बात से चिंतित हैं कि छोटे बच्चे मोबाइल के ज्यादा उपयोग की वजह से आटिज्म के शिकार हो रहे हैं। उनमें मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। बच्चों को किताबों के जरिए पढ़ाई करने में उन्हें कठिनाई हो रही है। कठिन प्रश्नों और सवालों के जवाब देने में दिक्कत आ रही है। छोटे बच्चों में बोलने-समझने की क्षमता विकसित नहीं हो पा रही है और खेलकूद नहीं करने की वजह से उनका शारीरिक विकास प्रभावित हो रहा है। शिशु रोग विशेषज्ञों के अनुसार ओपीडी में आने वाले बच्चों के जरूरी इलाज के साथ उन्हें और उनके माता-पिता को मोबाइल के सीमित उपयोग करने की सलाह दी जा रही है।

**इस तरह की समस्या**

- बचपन में लगी आदत की वजह से मोबाइल देखते हुए खाना खाने की लत
- लगातार मोबाइल पर गेम खेलने की वजह से कम नींद, दिनभर सुस्ती
- आक्रामक व्यवहार, अकेले में वक्त बिताना और बड़बड़ाना



### विशेषज्ञों की राय

मोबाइल के दुष्प्रभाव की वजह से बच्चों में विभिन्न तरह की परेशानी आ रही है। बच्चों को मोबाइल देने के बजाए उनके साथ ज्यादा वक्त बिताना चाहिए। संवाद और किताबों के माध्यम से पढ़ाई पूरी करने पर जोर देना चाहिए। बच्चों को केवल उतना ही मोबाइल दिया जाए, जिससे उनका जरूरी काम पूरा हो सके।

\- **डॉ. किरण माखीजा,** शिशु रोग विशेषज्ञ एवं अध्यक्ष सीजीएपी

मोबाइल का दुष्प्रभाव छोटे बच्चों पर ज्यादा हो रहा है। जिस आयु में उनका मानसिक, बौद्धिक और शारीरिक विकास होता है उस दौरान वे स्क्रीन टाइम में वक्त गंवाते हैं। भविष्य में यह मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। दो साल से कम आयु के बच्चों को मोबाइल बिलकुल भी नहीं देना चाहिए।

\- **डॉ. निलय मोझरकर,** शिशु रोग विशेषज्ञ एवं कोषाध्यक्ष सीजीएपी

### जारी की गई है गाइडलाइन

इंडियन एकेडेमी ऑफ पीडियाट्रिक द्वारा मोबाइल के उपयोग से होने वाले साइड इफेक्ट को रोकने के लिए गाइड लाइन भी जारी की गई है। उनके द्वारा शिशु रोग विशेषज्ञों को इस बारे में बच्चों के साथ उनके पैरेंट्स को भी जानकारी देने पर जोर दिया जा रहा है। गाइडलाइन के अनुसार दो साल तक के बच्चों को मोबाइल पूरी तरह प्रतिबंधित है। 2-5 साल के बच्चे के लिए दिन में एक घंटे तथा पांच साल से अधिक आयु वाले बच्चों को 2 घंटे, किशोरावस्था में पहुंचने के बाद काम के हिसाब से समय तय करने और उपयोग के दौरान आंखों को आराम देने का जिक्र है।

### बांटे गए थे 40 हजार चश्मे

स्वास्थ्य विभाग अपने अभियान के तहत स्कूली बच्चों का नेत्र परीक्षण करता है और जिन्हें आवश्यकता होती है, उन्हें चश्मे का वितरण भी करता है। पिछले साल करीब चालीस हजार बच्चों को चश्मा दिया गया था और इस साल अब तक करीब दस हजार बच्चों को चश्मा बांटकर उसका नियमित उपयोग करने की सलाह दी गई है। अंधत्व निवारण कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. निधि अत्रीवाल के अनुसार नजर कमजोर होने की समस्या लगातार बढ़ रही है, जिसमें मोबाइल का उपयोग भी बड़ा कारण है। आने वाले दिनों में पुनः नेत्र परीक्षण के लिए वृहद स्तर पर अभियान चलाया जाएगा।

# राज्य कोटे से एमबीबीएस एडमिशन चौथे सप्ताह में काउंसिलिंग के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

मेडिकल कालेज में राज्य कोटे से एमबीबीएस की सीटों पर एडमिशन चौथे सप्ताह में होने की संभावना है। दिल्ली से चिकित्सा शिक्षा संचालनालय की टीम प्रवेश परीक्षा में छत्तीसगढ़ का रिजल्ट लेकर वापस आ चुकी है। माना जा रहा है कि पंद्रह अगस्त के बाद इसके लिए पंजीयन प्रारंभ किया जा सकता है।

- प्रवेश परीक्षा का सीजी रिजल्ट लेकर वापस आई टीम

एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू करने के लिए चिकित्सा छात्रों को शेड्यूल जारी किए जाने का इंतजार है। राज्य में इस बार दस शासकीय के साथ पांच निजी मेडिकल कालेज में यूजी की पढ़ाई शुरू होगी। राज्य में एमबीबीएस की अभी दो हजार से ज्यादा सीटें हैं। इसके अलावा बीडीएस की 6 सौ सीटों पर प्रवेश दिया जाना है। ऑल इंडिया कोटे की सीटों पर प्रवेश 14 अगस्त से प्रारंभ होगा। माना जा रहा है कि पंद्रह अगस्त के बार राज्य कोटे के एडमिशन के लिए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी और संभवतः 21 अगस्त से एडमिशन की प्रक्रिया शुरू होगी। राज्य में नीट की परीक्षा में शामिल होने वाले ज्यादातर छात्रों की पहली पसंद मेडिकल कालेज होते हैं। इसके बाद उनके द्वारा बीडीएस की पढ़ाई को महत्व दिया जाता है। एमसीसी द्वारा राज्य के लिए जारी की गई पहले राउंड की काउंसिलिंग की संभावित तारीख 21 से 29 अगस्त है। दूसरे राउंड की प्रवेश प्रक्रिया सितंबर में पूरी की जाएगी। एमबीबीएस की सरकारी कालेजों में 85 फीसदी और निजी कालेजों की पचास प्रतिशत सीट राज्य कोटे के लिए निर्धारित है।



### 22 हजार दावेदार

एमबीबीएस और डेंटल की ढाई हजार सीटों के लिए राज्य में 22 हजार से ज्यादा दावेदार हैं। प्रवेश परीक्षा में 43 हजार से अधिक छात्र शामिल हुए, जिनमें से 22 हजार सफल हुए थे। इन छात्रों को मेरिट सूची के आधार पर मेडिकल और डेंटल कालेजों में एडमिशन दिया जाएगा।

### पहली पसंद रायपुर

स्टेट कोटे में छात्रों की पहली पसंद रायपुर का शासकीय मेडिकल कालेज रहता है। राज्य में सबसे ज्यादा 230 सीटें इसी कालेज में हैं इसके बाद छात्र बिलासपुर सहित अन्य कालेजों को महत्व देते हैं। रायपुर कालेज का आवंटन प्राप्त करने वाले छात्र एडमिशन का मौका नहीं गंवाते।

# बस भाड़ा विवाद को लेकर सवारी के साथ मारपीट, लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंटर स्टेट बस टर्मिनल में अनाधिकृत बस एजेंटों की वजह से आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित होती रहती है। अनाधिकृत एजेंट में ज्यादातर अपराधिक प्रवृत्ति के लोग शामिल हैं। ऐसे ही एक मामले में विशाखापट्टनम से सैर कर लौट रहे मध्यप्रदेश की एक सवारी ने एक बस एजेंट के खिलाफ किराया भाड़ा विवाद पर मारपीट कर कैश 90 हजार रुपए लूट करने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस 90 हजार लूट होने की बात को लेकर संदेह व्यक्त कर रही है। पुलिस के मुताबिक मध्यप्रदेश, झांसी निवासी रणविजय सिंह ने अज्ञात के खिलाफ लूट तथा मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है।

- लूट की घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश ने कारोबारी को रिपोर्ट करने पर गांजा केस में फंसाने की धमकी दी

रणविजय ने पुलिस को बताया है कि वह सैर करने विशाखापट्टनम गया था। ट्रेन नहीं मिलने की वजह से वह बस से झांसी जाने बस टर्मिनल पहुंचा। टर्मिनल में एक एजेंट ने उसे जबलपुर जाने टिकट दिया और टिकट फेयर झांसी का मांगा। इस बात का विरोध करने पर एजेंट उसे अपने साथ सूने स्थान पर ले गया और मारपीट कर पर्स में रखे पैसे तथा मोबाइल लूटकर फरार हो गया।



### रिपोर्ट दर्ज कराने पर गांजा केस में फंसाने की धमकी

रणविजय ने पुलिस को बताया है कि बदमाश ने उसके साथ मारपीट कर कैश तथा मोबाइल लूटने के बाद उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। रणविजय के अनुसार बदमाश ने उसे गांजा प्रकरण में जेल भिजवाने की धमकी देने के साथ अन्य मामलों में फंसाने की धमकी दी।

# जूनियर डाक्टर की हत्या, राजधानी में चिकित्सा छात्रों का कैंडल मार्च




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज में जूनियर डाक्टर से रेप के बाद हत्या की घटना पर राजधानी के चिकित्सा छात्रों ने आक्रोश जताया है। दिन में काली पट्टी बांधकर विरोध के बाद शाम कैंडल मार्च निकालकर उन्होंने अपना विरोध दर्ज कराया। जेएन मेडिकल कालेज के चिकित्सा छात्रों ने कहा कि यह घटना संबंधित कालेज प्रबंधन की विफलता है, क्योंकि अस्पताल में डाक्टर ड्यूटी रूम की व्यवस्था नहीं थी। कालेज के दौरान पीजी द्वितीय वर्ष की छात्रा ड्यूटी पर थी।

- काली पट्टी लगाकर ड्यूटी कर जताया विरोध

चिकित्सा छात्रों ने मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए अपना विरोध प्रदर्शन किया। संदेह जताया जा रहा है कि इस घटना को वहां के स्थानीय बदमाशों द्वारा अंजाम दिया गया। घटना के विरोध में ड्यूटी के बाद जूनियर डाक्टरों ने कैंडल मार्च का आयोजन मेडिकल कालेज से आंबेडकर अस्पताल भवन तक किया। जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के प्रवक्ता डॉ. गगन मोहन छाबड़ा ने बताया कि इस तरह की घटनाओं की रोकथाम के लिए कड़ा कदम उठाने की मांग की गई है।

### सांसद से मिला यूडीएफए

इस मामले में यूनाइटेड डाक्टर फ्रंट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह ने रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात की। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा इस प्रकरण की सीबीआई जांच कराने की मांग की। यूडीएफए ने छत्तीसगढ़ के चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए भी उचित कदम उठाने हस्तक्षेप करने का निवेदन किया।

# मोबाइल टॉवर निर्माण के विरोध में उतरे कॉलोनीवासी, की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के रावतपुरा कालोनी फेज-2 मठपुरैना के रहवासी कालोनी में मोबाइल टावर के निर्माण के विरोध में उतर आए हैं। लोगों ने इस मामले की शिकायत थाना, वार्ड पार्षद से लेकर कलेक्टर तक से की है। लोगों ने शिकायत के माध्यम से बताया है कि मोबाइल टावर से निकलने वाली चुंबकीय तरंगों से बच्चों, बूढ़ों सहित आम लोगों के स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ता है। इस कारण कालोनीवासी नहीं चाहते कि कालोनी में मोबाइल टावर लगे।

- थाना, वार्ड पार्षद और कलेक्टर से शिकायत

रावतपुरा कालोनी फेज-2 मठपुरैना में एक प्राइवेट मोबाइल कंपनी ने टावर लगाने के लिए कालोनी निवासी गोपाल चंद्राकर का तीन मंजिला मकान की छत को किराये पर लिया है। कालोनी वासियों में नरोत्तम सिन्हा, हीरामन ध्रुव, अशोक धृतलहरे चोवाराम साहू सहित अन्य लोगों ने बताया कि मोबाइल टावर लगाने के लिए कंपनी ने मकान मालिक के साथ अनुबंध किया हुआ है। इसका पता कालोनीवासियों को तब चला, जब मकान की छत पर टावर का निर्माण कार्य शुरू हुआ। इसके बाद कालोनीवासियों ने टावर का विरोध करते हुए पहले मकान मालिक से बातचीत कर टावर के कारण होने वाले नुकसान से अवगत कराते हुए उसे कंपनी से अनुबंध खत्म करने की समझाइश दी, लेकिन मकान मालिक ने इससे इनकार कर दिया। लोगों ने बताया कि इस संबंध में कालोनीवासियों ने वार्ड पार्षद से शिकायत की थी, लेकिन जब कोई बात नहीं बनी, तो इस संबंध में टिकरापारा थाना और कलेक्टोरेट में शिकायत की। कलेक्टोरेट में शिकायत करते हुए लोगों ने टावर निर्माण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

## आरक्षण भवन में भीड़, कन्फर्म नहीं हुआ टिकट तो यात्रा से होंगे वंचित

# ट्रेनों में वेटिंग 100 पार, यात्रियों को सफर की अनुमति नहीं, फिर भी बेच रहे वेटिंग टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रक्षाबंधन को लेकर ट्रेनों में इस बार भी यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिलेगी। 17 अगस्त को केवल रायपुर से दिल्ली, मुंबई, हावड़ा, जयपुर के लिए ही नहीं, नागपुर और अंबिकापुर जाने भी यात्रियों को कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहा है।

रेलवे के नियम अनुसार वेटिंग यात्री ट्रेन में अब सफर नहीं कर सकते। इसके बाद भी आरक्षण भवन से यात्रियों को वेटिंग टिकट धड़ल्ले से जारी किया जा रहा है। वर्तमान में ज्यादातर टिकट वेटिंग ही मिल रहा है। ट्रेनों में वेटिंग की संख्या 100 से अधिक पहुंचने से इन टिकट के कन्फर्म होने की संभावना 90 प्रतिशत नहीं है। रोजाना वेटिंग टिकट बेचने से रक्षाबंधन पर यही भीड़ का कारण बनेंगे। रक्षाबंधन के दौरान कई ट्रेन रद्द हैं। रेलवे ने रक्षाबंधन को लेकर अभी स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा नहीं की है। ऐसे में यात्रियों को 17 से 20 अगस्त तक ट्रेनों में आरामदायक सफर मिलना मुश्किल लग रहा है।



### हमसफर एक्सप्रेस में एक एसी और स्लीपर कोच की सुविधा

यात्रियों को कन्फ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 20917/20918 इंदौर-पुरी-इंदौर हमसफर एक्सप्रेस में एक एसी-3 कोच एवं एक स्लीपर कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 20917 इंदौर-पुरी हमसफर एक्सप्रेस में 13 अगस्त को गाड़ी संख्या 20918 पुरी-इंदौर हमसफर एक्सप्रेस में 15 अगस्त 2024 को उपलब्ध रहेगी।

### नागपुर और अंबिकापुर जाने ट्रेनों में 102 वेटिंग

रायपुर से 400 से 500 किलोमीटर की दूरी तक यात्रियों को कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहा है। 17 से 18 अगस्त के बीच दुर्ग-अंबिकापुर में रायपुर से वेटिंग 102 से 110 तक स्लीपर में पहुंच गया है। इसके अलावा नागपुर जाने के लिए छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में 81 और गीतांजली में 45 वेटिंग है। दिल्ली जाने के लिए संपर्क क्रांति में 85 और समता में 81 वेटिंग पहुंच गया है। इसके साथ ही रायपुर से भोपाल जाने गोंडवाना, अमरकंटक एक्सप्रेस में 50 से 80 तक वेटिंग है। इंदौर के लिए ट्रेन में वेटिंग 75 से 80 तक है।

### तत्काल टिकट खरीदने मारामारी

जिन यात्रियों का टिकट वेटिंग है, अब उन्हें तत्काल टिकट का सहारा है। इसके लिए सीधे दलाल से संपर्क कर रहे हैं, जो कन्फर्म टिकट दिलाने का भी दावा कर रहे हैं। तत्काल के लिए अतिरिक्त किराया देना होता है, लेकिन कन्फर्म सीट के लिए यात्री दोगुना पैसा देने को भी तैयार हैं। आरक्षण भवन में भी यात्री अब तत्काल टिकट को लेकर जानकारी ले रहे हैं। एजेंट महज 20 से 30 सेकंड में विशेष सॉफ्टवेयर की मदद से तत्काल टिकट बुक कर लेते हैं।

# अभिप्रेरणा ग्रुप की महिलाओं ने लिया सावन झूला का आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ की संस्कृति को सहेजने एवं अपने सेवा रूपी कार्य के लिए प्रयास में जुटी बालोद की अभिप्रेरणा ग्रुप की महिलाओं ने इस वर्ष भी सावन झूला का अनूठा आयोजन किया। धर्म शास्त्र में सावन के माह में झूले का बहुत ही महत्व वर्णित है, साथ ही सावन में हरे रंग की चूड़ियों का भी महत्व देखने को मिलता हैं, यह आयोजन बालोद एवं बाहर की सभी महिलाओं के लिए था, जहां सभी महिलाएं और युवतियां हरी परी बनकर यानी हरी ड्रेस और साड़ी पहनकर इस आयोजन में शामिल हुई।

प्रकृति की गोद बूढ़ा तालाब गार्डन बालोद में आयोजित इस कार्यक्रम में विविध गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं ने सावन झूले का आनंद लिया। खासतौर से झूला तैयार किया गया था, जिसके चारों ओर परिक्रमा करते हुए गानों पर महिलाओं ने डांस किया। दिल से बंधी एक डोरी, जो दिल तक जाती है, गाने और विभिन्न अन्य गानों पर जमकर झूमीं। महिलाएं हरी–भरी साड़ियों के अलावा खास तरह से श्रृंगार किया था।

सबने मिलकर खेल खेले और अपने जीवन का आनंद उठाया। सब अपने बचपन के टैलेंट को भूल चुकी थीं, उसे पुनः याद कर सब का मन हर्षित हुआ, अभिप्रेरणा गुप की महिलाओं का मानना है कि हर महिला अपनी जवाबदारियों में उलझी रहती हैं, ऐसे आयोजन में शामिल हो कर कुछ पल अपने लिए तो जीती हैं।

## खबर संक्षेप

### विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर संगोष्ठी 14 को



**बेमेतरा।** देश का विभाजन कैसे हुआ, क्यों हुआ, इसके जिम्मेदार कौन-कौन रहे, इन सभी घटनाक्रमों का आम जन मानस को स्मरण हो, इस उद्देश्य से जिला मुख्यालय में जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन बेसिक स्कूल के सामने स्थित निजी रेस्टोरेंट में 14 अगस्त को दोपहर 3 बजे से किया गया है। कार्यक्रम के प्रभारी भाजपा नेता होरोलाल सिन्हा ने बताया कि संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के तौर पर विधान सभा के पूर्व उपाध्यक्ष नारायण चंदेल व रजनीश सिंह शामिल होंगे। वहीं, केबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, महामंत्री नरेन्द्र वर्मा , एवं टार्जन साहू शामिल रहेंगे। कार्यक्रम स्थल पर विभाजन विभीषिका का जीवंत चित्रण व लघु फ़िल्म प्रदर्शित की जाएगी। कार्यक्रम में जिले भर से, प्रबुद्ध जन, डॉक्टर, अधिवक्ता, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार, शहीद परिवार, विभाजन से पीड़ति परिवार, राष्ट्रीय विचार धारा से ओतप्रोत इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकार सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे समाज सेवी, समाजो के समाज प्रमुख शामिल होंगे। संगोष्ठी के बाद विभाजन के दौरान हिंसा में मारे गए लगभग 20 लाख हिंदुओं को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

### गुरूर में निकाली गई हर घर तिरंगा रैली

**गुरूर।** भारतीय नागरिकों को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि इस आमजन में देश भक्ति की भावना विकसित हो तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान भी बढ़े। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुरूर प्राची ठाकुर के आदेशानुसार पर नगर पंचायत गुरूर अंतर्गत आजादी का महोत्सव के तहत 9 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान रैली निकाली गई। इसमें नगर पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### शाला विकास समिति डोंगीतराई के अध्यक्ष बने लक्ष्मीकांत

**बालोद/कलंगपुर।** प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के अनुमोदन व जिला मंडल संगठन द्वारा जोरातराई निवासी डॉ लक्ष्मीकांत साहू को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगीतराई के शाला विकास समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। डा साहू के अध्यक्ष नियुक्त होने पर शाला विकास समिति के सदस्यों सहित ग्रामीण जनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### कट्टरपंथियों के खिलाफ घड़ी चौक में प्रदर्शन शिवसेना ने फूंका पुतला

**भिलाई।** बांग्लादेश में हुए तख्तापलट की आंच भारत पर भी पड़ी है। बांग्लादेश में रह रहे हिंदू असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इसके अलावा बांग्लादेश में कंट्टरपंथियों के सत्ता में काबिज होने की बात सामने आई है। इसके विरोध में शिव सेना के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को घड़ी चौक में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता सुपेला चौक में एकत्रित हुए, जहां जमकर नारेबाजी की। इसके बाद कट्टरपंथी संगठनों का पुतला जलाया। साथ ही राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। इसमें बांग्लादेश से हिंदुओं की सुरक्षित वापसी की मांग की गई। शिवसेना के प्रदेश उप प्रमुख शिवराम के शरवानी ने कहा कि घटना दुर्भाग्यजनक है।

### पौधारोपण कर संरक्षण करने की ली शपथ

**भिलाई।** आइसेक्ट प्रधानमंत्री कौशल केंद्र एवं सीवी रमण यूनिवर्सिटी रीजनल ऑफिस दुर्ग के विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत राज मिस्त्री जॉब रोल के हितग्राहियों द्वारा पौधरोपण किया गया। इस दौरान एक वर्ष तक अपने द्वारा लगाये गए पौधों की देखभाल करने के लिए लोगो को जागरूक किया गया। संस्था प्रमुख ने बताया की संस्था द्वारा गत 5 वर्षो में इस प्रांगण में अब तक लगभग 500 पौधों का रोपण किया जा चुका है।

# सावन क्वीन बनीं झमित, नीलम की हुई कुर्सी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला महिला देवांगन समाज ने सावन महोत्सव का आयोजन जिला मुख्यालय में किया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं के लिए दौड़, नृत्य, माला, लक्की ड्रा, सोलह श्रृंगार जैसी अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिले के चारों ब्लॉक बेरला, साजा, बेमेतरा, नवागढ़ से महिलाओं ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई।

सावन क्वीन झमित देवांगन तथा कुर्सी दौड़ नीलम देवांगन रहीं। इस दौरान सभी प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया। जिलाध्यक्ष श्वेता डिकेन्द्र देवांगन (अधिवक्ता) ने कहा कि सावन महोत्सव में जिलेभर से समाज से महिलाये बड़ी संख्या में पहुंची हैं वही कार्यक्रम में सभी सामाजिक जनों की सक्रिय भागीदारी से समाज में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। जिला सचिव सरिता महेन्द्र देवांगन(अधिवक्ता) ने कहा कि, जिला स्तर पर सावन महोत्सव का कार्यक्रम रखा गया था, जिसमे महिलाओ ने बहुत ही उत्साह एवं उमंग के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया है। निश्चित ही इससे सामाजिक संगठन को मजबूती मिली है। कोषाध्यक्ष मनीषा देवांगन,प्रीति देवांगन,चन्द्रकिरण देवांगन, सीमा देवांगन, सुनीता देवांगन, गौरी देवांगन,गीता देवांगन, कल्याणी देवांगन, उषा देवांगन, रेणुका देवांगन, तारा देवांगन, झमित देवांगन,नीलम देवांगन, रितु देवांगन, खुलेश्वरी देवांगन,पूनम देवांगन, भोजेश्वरी देवांगन, अंजुबाला देवांगन, सुषमा देवांगन,रेखा देवांगन, साक्षी देवांगन, हेमलता देवांगन, संतोषी देवांगन, अनीता देवांगन, शकुंतला देवांगन, शांता देवांगन, यशोधरा देवांगन, राजमती देवांगन, गायत्री देवांगन, भावना देवांगन, रश्मि देवांगन,संतोषी देवांगन,ज्योति ,अनामिका देवांगन, पुनीता देवांगन आदि तथा जिले के स्वजातिय जन उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन मनीषा देवांगन व आभार प्रदर्शन सचिव सरिता देवांगन ने किया।

■ महिला देवांगन समाज ने मनाया सावन महोत्सव, विभिन्न खेलों का किया गया




## जयंती : नगर पंचायत साजा में हुआ आयोजन

# गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर किया सामूहिक मानसगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा



जनसमुदाय में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने एवं रामचरित मानस के रचयिता संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी की 527 वीं जयंती के पावन अवसर पर नगर पंचायत साजा के वार्ड क्रमांक 07, कुर्मीपारा स्थित श्री हनुमान मंदिर परिसर में नगर सहित समीपस्थ ग्राम डोंगीतराई, सोमई, तेंदूभाठा, मोहतरा के मानस मंडलियों के सदस्यों द्वारा सांगीतिक रुप से मानसगान किया गया।

जनजाति शोधार्थी एवं लोक संस्कृति कर्मी राम कुमार वर्मा के संयोजन में आयोजित तुलसी जयंती कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मानिक वर्मा, मानस टीकाकार सेवानिवृत्त शिक्षक तुला राम साहू, राजेन्द्र वर्मा ने गोस्वामी तुलसीदास जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर धूप-दीप प्रज्वलित किया। इसके साथ ही प्रारंभिक उद्बोधन क्रम में संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी संघर्षपूर्ण जीवनी, रामचरितमानस की रचना सहित विनय पत्रिका, दोहावली, कवितावली में समाहित साहित्यिक विधाओं का उल्लेख उपस्थित श्रद्धालुओं के मध्य किया गया। मानस का सुमिरन कर क्रमशः दोहा, चौपाईयां, सोरठा,छंद आदि संगीतमय गायन करते हुए शिवोपासना के माह सावन को ध्यान में रखते हुए शिव-पार्वती के बीच धार्मिक, राम चरित के संवाद संबंधित कथा प्रसंगों का गायन किया गया। विशेष रुप से गोस्वामी तुलसीदास जी के साहित्यिक योगदानों, मानव जीवन की नवसश्वरता, काया खंडी लोक भजनों चोला माटी के हे, राम भजन कर लें, तुलसी के बानी ल संगी लक्ष्मण बूटी समझ ले का गायन मानस सदस्यों के रुप में मानसिंग वर्मा,भाव सिंग साहू, हिरऊ साहू पोखन साहू, बलराम यादव, दयालु यादव, जितेन्द्र साहू,खिलावन साहू आदि ने अपनी सांगीतिक कलाओं का प्रदर्शन कर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। इस दौरान ग्राम के वरिष्ठ नागरिक परस राम वर्मा, हेमीन वर्मा, कामीन वर्मा, शांति बाई वर्मा, बिंदेश्वरी वर्मा,मीना वर्मा, हेमीन वर्मा आदि होकर सहयोग किया।

### मंजू ने जीता सावन सुंदरी का खिताब

**बेमेतरा।** शनिवार शहर के निजी होटल में वर्ल्ड ब्रह्मण फेडरेशन महिला इकाई ने सावन तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं के मनोरंजन के लिए विभिन्न खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मनोरंजन की इसी कड़ी में सावन सुंदरी प्रतियोगिता में मंजू शर्मा ने सावन सुंदरी का खिताब जीता एवं अन्य गेम में मनीषा शर्मा विजेता रहीं। उसके पश्चात मनीषा शर्मा एवं मंजू शर्मा द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कीर्ति तिवारी द्वारा शानदार गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार के पकवानों और पेय पदार्थ की भी व्यवस्था संगठन द्वारा की गई थी। आयोजन में जहां महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं शशि किरण, करुणा तिवारी और मीडिया प्रभारी अन्नपूर्णा दुबे ने अपनी हंसमुख अदाओं से माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष कनकलता मिश्रा एवं शहर अध्यक्ष रानी दुबे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंजना तिवारी, अन्नू पांडे, रानू दुबे, आशा तिवारी, श्वेता तिवारी, नीलिमा तिवारी, वंदना तिवारी उपस्थित रहीं।

# गौ अभयारण्य में समय पर पूरी कर लें सभी तैयारियां : रणबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर ने जिले के झालम स्थित गौ-अभयारण्य में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू सहित ज़िला और पुलिस प्रशासन के साथ पीडब्ल्यूडी, पीएचई, पशु चिकित्सा,सेवाये, हार्टिकल्चर, कृषि, पीएमजेएसवाई और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने अधिकारियों को गौ-अभयारण्य में सभी तैयारियों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। इनमें सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, और स्वच्छता सुनिश्चित करना शामिल है। उन्होंने गौ-अभयारण्य की साफ-सफाई, पानी की व्यवस्था, और दर्शकों के बैठने की उचित व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित अधिकारी पैदल बरसाती नाला पार कर गौ-अभयारण्य पहुँचे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तात्कालिक तौर पर आने-जाने के लिए अस्थायी पुलिया बनाने के निर्देश दिए, ताकि कार्यक्रम के समय आमजन को आने-जाने में किसी प्रकार की दिक़्क़त ना हो।

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि वे सभी आपसी समन्वय बनाए रखें, ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो। उन्होंने हैलीपैड स्थल, सभा स्थल आदि का निरीक्षण किया। कहा कि मुख्यमंत्री के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाना सभी की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो इस बात का ध्यान रखने कहा। उन्होंने ऊबड़-खाबड़, गड्ढे आदि का समतलीकरण, बरसाती नाले पर पाइप आदि बिछाकर आने-जाने का रास्ता बनाने के भी निर्देश दिये।

■ मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

# शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल केहका में हुआ छात्र परिषद चुनाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ज़िले के साजा विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केहका में छात्र परिषद के चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए। चुनावों के लिए बैलेट पेपर का उपयोग किया गया, जिससे छात्रों को अपने पसंदीदा उम्मीदवारों को चुनने का अवसर मिला।

चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से लोकतांत्रिक तरीके से आयोजित की गई। बैलेट पेपर बनाकर मतदान कराया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रक्रिया के तहत छात्रों ने पहले अपने पसंदीदा उम्मीदवारों का चयन किया, और फिर उन्हें वोट देकर छात्र परिषद के लिए अपने प्रतिनिधि चुने। चुनाव के परिणाम जल्द ही घोषित किए जाएंगे, और नए निर्वाचित छात्र प्रतिनिधि विद्यालय के विभिन्न कार्यों और गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस चुनाव ने छात्रों में लोकतंत्र की भावना को प्रोत्साहित किया और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने चुनाव प्रक्रिया की सराहना की और कहा कि इस तरह के चुनाव छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने सभी छात्रों को उनके सहयोग और अनुशासन के लिए धन्यवाद दिया।

■ छात्रों में लोकतंत्र बैलेट पेपर के माध्यक से चुना अपना प्रतिनिधि

### मोहभट्ठा में किया गया पौधारोपण



**बेमेतरा।** एक पेड़ मां के नाम के तहत जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर 6 मोहभट्ठा में युवा दुर्गा समिति द्वारा वृक्षारोपण किया गया जिसमें कदम, करंज, गुलमोहर, बादाम आदि पौधे लगाए गए। इस दौरान पार्षद धरम वर्मा, दुष्यंत वर्मा, लक्ष्मण यादव, संजू निषाद, कुंदन, वर्मा दीनू यादव, पप्पू निषाद, राजा वर्मा सहित अन्य वार्ड वासी उपस्थित रहे।

# सतनाम भवन में मनाई गई मिनीमाता की पुण्यतिथि



**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय स्थित सतनाम भवन में शुक्रवार को सतनामी समाज कल्याण एवं विकास समिति ने अविभाजित मध्यप्रदेश की प्रथम महिला सांसद, सतनामी समाज की गुरुमाता, नारी सशक्तिकरण की प्रतिमूर्ति, ममतामई मां मिनिमाता की 51 वीं पुण्यतिथि श्रद्धासुमन के साथ मनाई। समाज के पदाधिकारी व सदस्यों के द्वारा मिनीमाता के सामाजिक, राजनैतिक कार्यों को याद किया।सतनामी समाज कल्याण एवं विकास समिति बेमेतरा के सचिव खेमसिंह बारले ने बताया कि निरंतर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सामाजिक बंधुओं के द्वारा मिनीमाता के प्रेरणादाई, प्रसंग जीवन चरित्र का विचार उद्बोधन किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष टी आर जनार्दन, कार्यकारी अध्यक्ष आगर भदास डेहरे, कोषाध्यक्ष निर्जल कुमार डिंडोरे,यवन डिंडोरे, सचिव खेमसिंह बारले, डॉ विजय कुमार कुर्रे, डॉ पवन कुमार घृतलहरे, प्रकाश भारती,जी एल खुटियारे,पी आर पाटले, राजकुमार कुर्रे,मूलचंद बंजारे,खेलावन जांगड़े, राजेश नौरंगे,जितेन्द्र बघेल, डॉ सुरेश बंजारे,शांति लाल बांधे,ललित नौरंगे, द्वारिका कुर्रे, व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नगर पंचायत दाढ़ी में लोग तिरंगा के साथ ले रहे सेल्फी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दाढ़ी




15 अगस्त को 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाए जाने से पूर्व हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। भारत सरकार देश के नागरिकों को इस अभियान के माध्यम से जागरूक करना चाहती है ओर हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से नई पीढ़ी के साथ-साथ देश के सभी नागरिकों में देश के प्रति और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति गौरव और सम्मान बढ़ेगा। देश के से लेकर जिले स्तर तक स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान तिरंगा यात्रा तिरंगा रैली या तिरंगा दौड़ जैसे अनेक देश भक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। हर घर तिरंगा आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत दाढ़ी में तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना जगाना राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देना है। इसी कड़ी में नगर पंचायत कार्यालय भवन दाढ़ी के सामने सेल्फी जोन बनाया गया है। यहां नगर के लोग तिरंगा झंडा लेकर सेल्फी ले रहे थे और हर घर तिरंगा लगने का संकल्प भी ले रहे हैं। यह कार्यक्रम 9 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा यात्रा चलाया जाएगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत के कर्मचारी संकल्प शर्मा चित्रेश चंद्राकर मनोज ध्रुव टीकम बंजारे, कुसाग्र श्रीवास्तव सहित नगर के बच्चे युवा शामिल हो रहे हैं।

■ हर घर तिरंगा अभियान के तहत किया जा रहा लोगों को प्रेरित

## शिक्षकों की कमी के कारण स्वयं सेवी शिक्षकों की नियुक्ति की गई

# दर्री स्कूल में शाला विकास समिति का किया गया गठन

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थानखम्मरिया



तहसील मुख्यालय से महज 4 किमी दूर शासकीय हाई स्कूल दर्री में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन हुआ। इस अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया।

इस दौरान मुख्य रूप से सरपंच ग्रा.पंचायत दर्री तोरण यादव, उपसरपंच हेमंत साहू, अध्यक्ष नारायण सिंह राजपूत ,उपाध्यक्ष , टेकराम साहू ,विधायक प्रतिनिधि वासु बैस, सदस्य कमलेश साहू , पदमराज सिंह बैस,हरिचंद चंद्राकर, सीता पाटिल, सुकृता साहू,सरस्वती साहू, जमुना,गायत्री साहू, पुना राम साहू,रोहित साहू ,बेनीराम साहू एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय से अध्यक्ष कुलेश्वर साहू,उपाध्यक्ष ज्योति साहू ,मोहन यादव, जोहित,पांचो बाई साहू,अश्वनी साहू,राजकुमारी यादव (पंच),रानू राजपूत (पंच), लखन-साहू उपस्थित रहे। हाईस्कूल में शिक्षकों की कमी के कारण स्वयं सेवी शिक्षक के रूप में दुर्गा सेन, ऋतु राजपूत ,निखिल पाटिल, श्रेया साहू को नियुक्त किया गया, ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। सरपंच द्वारा बच्चों की बेहतर शिक्षा हेतु हर संभव सहयोग प्रदान करने की बात कही गई। साथ ही अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि न बच्चों के खेलकूद के लिए सामग्री प्रदान करने की बात कही। बैठक में उपस्थित हाई स्कूल प्रभारी प्राचार्य भवानी सिंह नेताम, प्रभारी प्रधान पाठक राजकुमार ध्रुवे, गोविंद कुमार सोनकर शिक्षक एवं सभी अभिभावकों की उपस्थिति में आंवला, गुलमोहर,कदम सहित फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए।

